# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

मोहान रोड, लखनऊः 226 017 वेबसाइटः http://dsmru.up.nic.in


पत्रांक 2186/पत्रा.सं–सीओई–31द्वितीय/DSMNRU/परीक्षा–समिति/12वीं बैठक/2022–23 दिनांक 02.11.2022

प्रेषक

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में

1 समस्त संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
2 प्रोफेसर एच0 एस0 झा, समाज शास्त्र, सा0वि0 एवं समाज कार्य विभाग, विश्वविद्यालय।
3 डा0 संजीव गुप्ता, सह आचार्य, वाणिज्य विभाग, विश्वविद्यालय।
4 श्री आशीष कुमार गुप्ता, सहायक आचार्य, दृष्टिबाधितार्थ विभाग, विश्वविद्यालय।
5 परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
6 प्राचार्य, टी0एस0मिश्रा मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ।
7 प्राचार्य, कल्याणं करोति, मथुरा।
8 प्राचार्य, हिन्द महाविद्यालय, बाराबंकी।

**विषयः–डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ परीक्षा समिति की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या 2073 दिनांक 20.10.2022 के कम में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की आयोजित 12वीं बैठक दिनांक 21.10.2022 में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की छायाप्रति को इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–माननीय कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनाँकः 21.10.2022 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराह्न 03:00 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 12वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय/अनुमोदन प्रदान किया गया।–

| एजेण्डा बिन्दु सं0 | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/12 | **परीक्षा समिति की 11वी बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा 11वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/12 | **परीक्षा समिति की 11वीं बैठक में लिए गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति की 11वीं बैठक में बिन्दुवार लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही से परीक्षा समिति अवगत हुई। |
| 3/12 | **विभागान्तर्गत छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षाओं (मिड एसाइनमेण्ट, प्रजेन्टेशन आदि) को बैक पेपर के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा विभागान्तर्गत छूटी हुई अथवा अनुत्तीर्ण प्रायोगिक/मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षाओं (मिड एसाइनमेण्ट, प्रजेन्टेशन आदि) को बैक पेपर के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने के संबंध में विभिन्न विभागों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की छूटी हुई अथवा अनुत्तीर्ण प्रायोगिक/मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षा (मिड/एसाइनमेंट, प्रजेन्टेशन आदि) को विश्वविद्यालय परीक्षा विनियम, 2020 के बिन्दु संख्या–2.6 में वर्णित व्यवस्था के अधीन सम्बन्धित अधिसत्र की आयोजित परीक्षा के साथ बैक पेपर के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क (स्पेशल बैक पेपर के अन्तर्गत प्रायोगिक/मौखकी अथवा आन्तरिक परीक्षा (मिड/एसाइनमेंट, प्रजेन्टेशन आदि हेतु निर्धारित शुल्क की भॉति) के साथ सम्पन्न कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/12 | **विभागान्तर्गत आयोजित प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं हेतु नामित वाह्य परीक्षकों के पारिश्रमिक/मानदेय के भुगतान के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त विभागान्तर्गत (सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों को छोड़कर) संबंधित पाठ्यकमों की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं हेतु नामित बाह्य परीक्षकों के परिश्रमिक/मानदेय एवं यात्रा भत्ता हेतु प्रस्तुत देयक प्रपत्रों के आधार पर त्वरित भुगतान हेतु पत्रावली का व्यवहरण विभागों के माध्यम से कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। |
| 5/12 | **चुनौती मूल्यांकन के सबंध में।** |
| | **निर्णयः**–विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त विभागान्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के किसी प्रश्न–पत्र में अधिकतम 03 अंको तक अनुत्तीर्ण/बैक आने की स्थिति में निर्गत परीक्षा–परिणाम घोषित होने की तिथि से तीन कार्यदिवस में प्रार्थना–पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क चुनौती मूल्यांकन की कार्यवाही किये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा कार्यालय ज्ञाप संख्या 1671 दिनांक 04.09.2022 निर्गत किया गया था। तत्क्रम में परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त विभागान्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में किसी प्रश्न–पत्र में अधिकतम 03 अंको तक अनुत्तीर्ण/बैक आने की स्थिति में परीक्षा–परिणाम घोषित होने की तिथि से एक सप्ताह में प्राप्त प्रार्थना–पत्र के आधार पर अनुत्तीर्ण विषयों के उत्तर–पुस्तिकाओं का निःशुल्क चुनौती मूल्यांकन कराये जाने तथा परीक्षा–परिणाम घोषित होने की तिथि से 01 सप्ताह की समय सीमा के उपरान्त 03 अंको तथा/अथवा उससे अधिक अंकों से अनुत्तीर्ण/बैक आने की स्थिति में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों द्वारा दिये गये प्रार्थना–पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय में प्रचलित चुनौती मूल्यांकन की व्यवस्थान्तर्गत ही कार्यवाही किये जाने की अनुमति एवं अनुमोदन प्रदान किया। |

(Dr. Amit Kumar Rai)
Controller of Examination
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow



(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 6/12 | **चुनौती मूल्यांकन के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु नामित परीक्षकों हेतु दिये जाने वाले मानदेय के निर्धारण के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**– परीक्षा समिति द्वारा चुनौती मूल्यांकन के अन्तर्गत मूल्यांकनकर्ता परीक्षक को प्रति उत्तर–पुस्तिका रू0 50/–मात्र तथा न्यूनतम मानदेय के रूप में 500/–मात्र (10 उत्तर–पुस्तिकाओं तक के लिये) निर्धारण करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/12 | **विभागान्तर्गत अधि–सत्रवार शुल्क जमा करते समय ही ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भराये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा विभागान्तर्गत अधिसत्रवार शुल्क जमा करते समय ही विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा आवेदन को ऑनलाइन माध्यम से भराया जाना तथा उक्त अधिसत्र एवं परीक्षा शुल्क आदि को ऑन लाइन पोर्टल द्वारा पेमेंट गेटवे के माध्यम से (मात्र दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को चालान के विकल्प सहित) प्राप्त किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 8/12 | **बैक पेपर परीक्षा (सम/विषम अधिसत्र) तथा फाइनल बैक पेपर परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा माह दिसम्बर, 2021 के अन्तर्गत माह मार्च–अप्रैल 2022 में आयोजित विषम अधिसत्र तथा मई, 2022 के अन्तर्गत माह जुलाई–अगस्त 2022 में आयोजित सत्रांत परीक्षा पर औपचारिक अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त परीक्षाओं की बैक पेपर परीक्षा (सम/विषम अधिसत्र) तथा फाइनल बैक पेपर परीक्षा माह दिसम्बर, 2022 में आयोजित कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 9/12 | **विद्यार्थियों द्वारा संगत अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा कराये जाने हेतु प्रेषित पत्रों के दृष्टिगत् स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) के ही अन्तर्गत सम्पादित कराये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों द्वारा संगत अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा कराये जाने हेतु निम्नानुसार प्रेषित पत्रों का संज्ञान लिया गया–<br>1) बी.टेक.सिविल इन्जीनियरिंग–2017–18 छात्र शुभम ठाकुर द्वारा मा0 कुलपति महोदय को संबोधित पत्र दिनांक 02.07.2022 में उनके द्वारा दिनांक 18.02.2022 को आयोजित इंजीनियरिंग केमेस्ट्री की परीक्षा दुघर्टनाग्रस्त होने के कारण उक्त छूटी हुई परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>2) बी0काम0–2016–17 छात्रा रूबी गौतम द्वारा मा0 कुलपति महोदय को संबोधित पत्र दिनांक 21. 07.2022 में उनके द्वारा स्वयं की बीमारी तथा गले की शल्य चिकित्सा होने के कारण कुल 05 अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>3) एम0बी0ए0–एच.आर. की छात्रा अनिता कुमार साहू द्वारा मा0 कुलपति महोदय को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित पत्र दिनांक 06.08.2022 में उनके द्वारा एम0जी0टी0–4301 तथा 4302 अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>4) बी0कॉम एलएलबी0 की छात्रा नैन्सी श्रीवास्तव मा0 कुलपति महोदय को संबोधित पत्र दिनांक 19. 07.2022 में उनके द्वारा एलएलबी0–503 की छूटी हुई आन्तरिक परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>5) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रह चुके मॉ बलिराजी सेवा संस्थान, मिर्जापुर द्वारा अपने पत्र दिनांक 21. 07.2022 के द्वारा शैसत्र 2016–17 से 2017–18 के बी.ए.एस.एल.पी. 06 छात्र तथा बी.एड.एस.ई.एच. आई–18 छात्र/छात्राओं के अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>6) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रह चुके ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, अमेठी द्वारा अपने पत्र दिनांक 11.07. 2022 के द्वारा बी.एड.एस.ई.एम.आर.–2017–19 के कतिपय छात्र/छात्राओं के अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्रों की परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>7) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कल्याणं करोति, मथुरा की छात्रा रचना कुमारी के पत्र दिनांक 04.08. 2022 का अवलोकन करना चाहें जिसमें उनके द्वारा बी.एड.एस.ई.एम.आर.–2017–19 में बी0पी0एम0–212 के अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्र की परीक्षा को कराये जाने का अनुरोध।<br>**परीक्षा समिति द्वारा उपरोक्त प्रार्थना–पत्रों के दृष्टिगत् विद्यार्थी–हित में बिन्दु संख्या–01 तथा 03 अभ्यर्थी की छूटी हुई परीक्षा को परीक्षा विनियम, 2020 के बिन्दु संख्या–05 के उपबिन्दु संख्या 5.7 से आच्छादित होने के साथ–साथ शेष अन्य अभ्यर्थियों (अन्य संगत प्रकरणों को भी सम्मिलित करते हुए) की भी परीक्षाओं को पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) के अन्तर्गत ही सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।** |



(Dr. Amit Kumar Rai)
Controller of Examination
Dr. Shakuntala Misra National
Rehabilitation University, Lucknow

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 10/12 | **परीक्षा विनियम के बिन्दु संख्या 5.2 में उल्लिखित ईयर बैक की व्यवस्था के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**—परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा विनियम के बिन्दु संख्या 5.2 में उल्लिखित ईयर बैक की व्यवस्था के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए निम्नलिखित निर्णय प्रदान किए गएः—<br>1. विद्यार्थी विषम अधिसत्र के सभी प्रश्न—पत्रों में उत्तीर्ण है किन्तु आगामी अधिसत्र में चार से अधिक प्रश्न—पत्र में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित है, ऐसी दशा में उन्हें ईयर बैक की श्रेणी के अन्तर्गत उत्तीर्ण किये गये विषम अधिसत्र में पुनः पंजीकरण के स्थान पर अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित संगत अधिसत्र के विद्यार्थियों का पुनः पंजीकरण ईयर बैक की श्रेणी के अन्तर्गत तत्समयावधि में संचालित संबंधित संगत अधिसत्र में ही कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>2. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें आगामी अधिसत्रों में अधिकतम प्रश्न—पत्रों की संख्या ही 04 से कम है तथा संबंधित छात्र ऐसे अधिसत्रों में समस्त प्रश्न—पत्रों में अनुपस्थित होते हैं तो उपरोक्त बिन्दु संख्या—01 की भाँति ईयर बैक की सुविधा प्रदान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 11/12 | **विश्वविद्यालय में दिनांक 08.11.2022 को आयोजित नवम् दीक्षान्त समारोह के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**—परीक्षा समिति विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2021—22 में अंतिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधि वितरण के लिये विश्वविद्यालय में दिनांक 08.11.2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित नवम् दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के निर्गत पत्र संख्या 1958 दिनांक 11.10.2022 के द्वारा विभिन्न गठित समितियों के निर्धारित कार्य एवं दायित्व से अवगत होते हुए ससमय कार्यवाही सम्पादित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। |
| 12/12 | **विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थाओं में संचालित एम.बी.बी.एस. एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के उपाधि (डिग्री) प्रारूप के निर्धारण के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**—परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थाओं में संचालित एम.बी.बी.एस. एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के उपाधि प्रारूप के निर्धारण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक् विचार—विमर्शोपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये—<br>01. MBBS, B.Sc. (MLT), BPT, B.Sc. (Nursing) के उत्तीर्ण पात्र विद्यार्थियों की डिग्री (उपाधि) वितरण के संबंध में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा निर्गत B.Sc. (MLT) डिग्री के प्रारूप को अंगीकृत करते हुए तदनुसार प्रारूप पर उक्त पाठ्यक्रमों की उपाधि वितरित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>02. उपरोक्त पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण पात्र विद्यार्थियों को इस विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कुलपति पदक (स्वर्ण, रजत, कांस्य) में से जो कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जाता है, को निर्धारित श्रेष्ठता क्रम में प्रदान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>03. दीक्षांत समारोह में प्रचलित व्यवस्थानुसार उपरोक्त सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के पदक एवं उपाधि धारित विद्यार्थियों को सम्बन्धित सम्बद्ध संस्था के प्राचार्य द्वारा दीक्षान्त—मंच पर प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 13/12 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु—बैक/स्पेशल बैक पेपर परीक्षा अथवा पूर्व की अधिसत्र/सत्रान्त, परीक्षा में संबंधित प्रश्न—पत्र में प्राप्त अंकों में से जो भी अधिक हो, को मान्य करते हुए परीक्षाफल घोषित किये जाने के संबंध में।**<br>**निर्णय**—परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचार—विमर्शोपरान्त अधिसत्र/सत्रान्त, बैक एवं स्पेशल बैक पेपर परीक्षान्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन (बैक/स्पेशल बैक पेपर परीक्षा अथवा पूर्व की अधिसत्र/सत्रान्त, परीक्षा में संबंधित प्रश्न—पत्र में प्राप्त अंकों में से जो भी अधिक हो) का संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रश्न—पत्र (पूर्व एवं वर्तमान के प्राप्तांकों का रक्षित अभिलेखानुसार उल्लेख करते हुए विद्यार्थी द्वारा प्राप्त सर्वाधिक अंक को स्वीकार्य कर) में अंक प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई बिन्दु न होने के कारण उपरोक्तानुसार बैठक समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई। |

..................................

(Dr. Amit Kumar Rai)
Controller of Examination
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ